उत्तर प्रदेश 112 आपात सेवाएं

**प्रेस विज्ञप्ति**
**दिनांक – 30.09.2024**

# महोबा पुलिस

**मीडिया सेल, महोबा**

उत्तर प्रदेश पुलिस

## मिशन शक्ति अभियान-4 के तहत जनपद के समस्त थानों में गठित एण्टी रोमियों टीमों द्वारा क्षेत्र में भ्रमण कर महिलाओं/बालिकाओं को सुरक्षा के प्रति आश्वस्त कर शासन की विभिन्न योजनाओं के प्रति जागरुक किया गया-

"मिशन शक्ति अभियान फेज - 4.0" व "शक्ति दीदी" अभियान के दृष्टिगत पुलिस अधीक्षक महोबा, श्री पलाश बंसल के निर्देशन में तथा अपर पुलिस अधीक्षक श्रीमती वन्दना सिंह के निकट पर्यवेक्षण में जनपद महोबा में महिलाओं के सशक्तिकरण, स्वावलंबन एवं आत्मनिर्भर बनाने हेतु उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा चलाये जा रहे अभियान के तहत आज दिनांक 30.09.2024 को जनपद के प्रत्येक थाने में गठित मिशन शक्ति/एण्टीरोमियों पुलिस टीम द्वारा अपने अपने थाना क्षेत्रअन्तर्गत स्कूल, कालेज, कोचिंग संस्थान एवं अन्य सार्वजनिक स्थलों में भ्रमण कर महिलाओं एवं बालिकाओं को उनके विरुद्ध हो रहे विभिन्न अपराध जैसे- सार्वजनिक स्थलो में छेडखानी, अभद्रता, अश्लील प्रदर्शन तथा अभद्र टिप्पणियाँ इत्यादि की घटनाओं/अपराधओं को रोकने के लिये एवं ऐसे अपराधों के प्रति आवाज उठाने के लिये उनके अधिकारों के प्रति जागरुक किया गया।

इस दौरान उनकी सुरक्षा संबंधित सेवाएँ जैसे यू0पी0-112 नम्बर, वूमेन पावर लाइन 1090, यूपी कॉप एप, महिला हेल्प लाइन 181, मुख्यमंत्री हेल्प लाइन 1076, चाइल्ड हेल्प लाइन 1098, साइबर हेल्पलाइन 1930 इत्यादि के बारे में जानकारियां प्रदान की गई । इस दौरान सभी को अवगत कराया गया कि सभी थानों में उनकी सुरक्षा/सहायता हेतु एक महिला हैल्पडेस्क बनाया गया है, जहाँ पर महिला पुलिसकर्मी द्वारा उनकी शिकायतें सुनी जाती हैं तथा समय से उनका निस्तारण किया जाता है ।



## पुलिस अधीक्षक महोबा, श्री पलाश बंसल द्वारा पुलिस कार्यालय महोबा में जनसुनवाई की गई, फरियादियों की समस्याओं को सुनकर निस्तारण के दिए निर्देश।

आज दिनांक 30.09.2024 को पुलिस अधीक्षक महोबा, श्री पलाश बंसल द्वारा जनपदवासियों को उनकी समस्याओं के निस्तारण व उनको त्वरित न्याय दिलाये जाने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक कार्यालय महोबा में जनसुनवाई की गयी।

पुलिस अधीक्षक महोबा द्वारा जनसुनवाई को अधिक प्रभावी एवं पारदर्शी बनाते हुये पीड़ितों से एक-एक करके उनकी समस्याओं को गम्भीरता पूर्वक सुना गया है। जनसुनवाई के दौरान जो भी फरियादी अपनी शिकायत/समस्याओं के समाधान की उम्मीद के साथ पुलिस अधीक्षक महोबा के समक्ष आये थे उन सभी की समस्याओं को सुनकर उनका गुणवत्तापूर्ण निस्तारण किये/कराये जाने का आश्वासन दिया गया है।

पुलिस अधीक्षक महोबा द्वारा प्राप्त हुई शिकायत के गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित किये जाने हेतु सम्बन्धित को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए हैं।

इस दौरान अपर पुलिस अधीक्षक श्रीमती वन्दना सिंह भी मौजूद रहीं।






उत्तर प्रदेश 112 आपात सेवाएं

# महोबा पुलिस

प्रेस विज्ञप्ति
दिनांक – 30.09.2024

मीडिया सेल, महोबा

## थाना चरखारी की पुलिस टीम ने अवैध तमंचा व जिन्दा कारतूस के साथ 01 नफर अभियुक्त को किया गिरफ्तार-

पुलिस अधीक्षक महोबा श्री पलाश बंसल के निर्देशन पर जनपद महोबा में आगामी त्यौहारों के दृष्टिगत अवैध शस्त्र के निर्माण, बिक्री एवं परिवहन से सम्बन्धित अपराध की रोकथाम एवं आपराधिक घटनाओं को अंजाम देने वाले अभियुक्तों के विरुद्ध चलाये जा रहे सघन चेकिंग/गिरफ्तारी अभियान के अनुपालन में दिनांक 29.09.2024 को अपर पुलिस अधीक्षक श्रीमती वन्दना सिंह व क्षेत्राधिकारी चरखारी श्री रविकान्त गौड़ के निकट पर्यवेक्षण में थानाध्यक्ष श्री गणेश कुमार द्वारा गठित की गई उ0नि0 सनय कुमार व उ0नि0 हार्दिक सिंह के नेतृत्व में पुलिस टीम द्वारा 01 नफर अभियुक्त आर्यन लोधी पुत्र रामनारायण लोधी उर्फ मुंशी उम्र करीब 20 वर्ष निवासी ग्राम कुड़ार थाना खरेला जनपद महोबा जिसके कब्जे से 01 अदद देशी तमन्चा 315 बोर व 01 अदद जिन्दा कारतूस 315 बोर नाजायज बरामद करते हुए नियमानुसार गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तारी व बरामदगी के आधार पर अभियुक्त उपरोक्त के विरूद्ध थाना स्थानीय पर मु0अ0सं0 227/2024 धारा 3/25 आर्म्स एक्ट का अभियोग पंजीकृत किया गया। बाद आवश्यक कार्यवाही अभियुक्त उपरोक्त को मा0 न्यायालय के समक्ष पेशी हेतु भेजा गया।

### गिरफ्तार अभियुक्त-

आर्यन लोधी पुत्र रामनारायण लोधी उर्फ मुंशी उम्र करीब 20 वर्ष निवासी ग्राम कुड़ार थाना खरेला जनपद महोबा

### गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम-

1. उ0नि0 सनय कुमार
2. उ0नि0 हार्दिक सिंह
3. का0 जयदीप पटेल



## थाना कबरई की पुलिस टीम ने अवैध शराब के साथ 01 नफर अभियुक्त को किया गिरफ्तार-

पुलिस अधीक्षक महोबा, श्री पलाश बंसल के निर्देशन में जनपद महोबा में अपराध की रोकथाम हेतु अवैध शराब की बिक्री, परिवहन एवं निष्कर्षण पर प्रभावी रोक एवं ऐसे क्रियाकलापों में शामिल अभियुक्तों की चेकिंग एवं उनकी गिरफ्तारी/बरामदगी हेतु चलाये जा रहे अभियान के अनुपालन में दिनांक 29.09.2024 को अपर पुलिस अधीक्षक, श्रीमती वन्दना सिंह व क्षेत्राधिकारी नगर श्री दीपक दुबे के निकट पर्यवेक्षण में प्रभारी निरीक्षक थाना कबरई श्री नागेन्द्र कुमार नागर द्वारा गठित की गई उ0नि0 श्रीप्रकाश सिंह परिहार के नेतृत्व में पुलिस टीम द्वारा 01 नफर अभियुक्त राजू सिंह पुत्र चुन्ना सिंह उम्र 40 वर्ष निवासी ग्राम सुरहा थाना कबरई जनपद महोबा जिसके कब्जे से एक प्लास्टिक की बोरी मे 21 क्वार्टर देशी शराब नाजायज बरामद करते हुए ग्राम सुरहा थाना कबरई जनपद महोबा के पास से नियमानुसार गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तारी व बरामदगी के आधार पर अभियुक्त उपरोक्त के विरूद्ध थाना स्थानीय पर मु0अ0सं0 276/2024 धारा 60 आबकारी अधिनियम का अभियोग पंजीकृत कर आवश्यक वैधानिक कार्यवाही सम्पादित की गई।

### गिरफ्तार अभियुक्त-

राजू सिंह पुत्र चुन्ना सिंह उम्र 40 वर्ष निवासी ग्राम सुरहा थाना कबरई जनपद महोबा

### गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम –

1. उ0नि0 श्रीप्रकाश सिंह परिहार
2. कां0 नरेन्द्र बाबू
3. कां0 शुभम कुमार



उत्तर प्रदेश 112 आपात सेवाएं

**प्रेस विज्ञप्ति**
**दिनांक – 30.09.2024**

# महोबा पुलिस

**मीडिया सेल, महोबा**

## पुलिस अधीक्षक महोबा द्वारा उ0प्र0 पुलिस में अपनी अधिवर्षता आयु पूर्ण कर सेवानिवृत्त होने वाले उ0नि0 को पुष्पगुच्छ/मोमेन्टों प्रदान कर दी गई भावुक विदाई।

आज दिनांकः- 30.09.2024 को पुलिस अधीक्षक महोबा, श्री पलाश बंसल द्वारा उ0प्र0 पुलिस में अपनी अधिवर्षता आयु पूर्ण कर सेवानिवृत्त होने वाले जनपद महोबा के थाना कुलपहाड़ में तैनात पुलिसकर्मी उ0नि0 महेन्द्र प्रताप सिंह की यादगार विदाई हेतु पुलिस लाइन अवस्थित सभाकक्ष में विदाई कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

इस दौरान उ0प्र0 पुलिस सेवा से अधिवर्षता आयु पूर्ण कर सेवानिवृत्त होने पर पुलिस अधीक्षक महोबा द्वारा उनके परिवारीजनों की उपस्थिति में स्मृति चिन्ह, शॉल, उपहार व पुष्पगुच्छ भेंट कर सम्मानित किया गया तथा पुलिस सेवा में रहते हुये उनके द्वारा की गयी विभिन्न सराहनीय सेवाओं को याद करते हुये उनके उज्ज्वल भविष्य, सुखमय जीवन व उत्तम स्वास्थ्य की शुभकामनाओं के साथ भावुक विदाई दी गयी।

उक्त विदाई समारोह के अवसर पर अपर पुलिस अधीक्षक महोबा वन्दना सिंह, प्रतिसार निरीक्षक शिवकुमार, वाचक पुलिस अधीक्षक सन्तोष दुबे, पीआरओ पुलिस अधीक्षक श्री अरविन्द सिंह गौर सहित सेवानिवृत्त हुये उ0नि0 के परिवारीजन भी मौजूद रहे।







@MahobaPolice

उत्तर प्रदेश 112 आपात सेवाएं

प्रेस विज्ञप्ति
दिनांक – 30.09.2024

# महोबा पुलिस

मीडिया सेल, महोबा

## क्षेत्राधिकारी नगर की अध्यक्षता में सरस्वती बालिका विद्यालय में आयोजित की गयी पुलिस की कार्यशाला, मिशनशक्ति अभियान, साइबर अपराध व यातायात नियमों की दी गयी विस्तृत जानकारी...।

पुलिस अधीक्षक महोबा, श्री पलाश बंसल के निर्देशन पर जनपद में चलाये जा रहे विभिन्न जागरुकता अभियान के तहत आयोजित श्रृंखला के क्रम में आज दिनांक 30.09.2024 को क्षेत्राधिकारी नगर श्री दीपक दुबे की अध्यक्षता में थाना कोतवाली नगर महोबा क्षेत्रअन्तर्गत सरस्वती बालिका विद्यालय में पुलिस कार्यशाला का आयोजन किया गया जिसमें स्कूली छात्राओं को जागरूक किया गया तथा सरकार द्वारा चलाई जा रही योजना मिशन शक्ति अभियान के तहत महिला सशक्तिकरण, महिला बीट पुलिस अधिकारी व थानों में स्थापित महिला हेल्प डेस्क के बारे में बताया गया साथ ही उनके अधिकारों से सम्बन्धित विभिन्न हेल्पलाइन नम्बर- 1090, 1098, 181, 112,1076 इत्यादि से अवगत कराया गया।

साइबर क्राइम के बचाव हेतु जानकारी दी गई और साइबर हेल्प लाइन नम्बर 1930 के बारे में जानकारी दी गई व **UP COP App** आदि के बारे में जानकारी दी गई तथा किसी भी अंजान लिंक पर क्लिक न करने, किसी को ओटीपी न बताने, किसी प्रलोभन का शिकार न होने के प्रति जागरुक किया गया, साइबर अपराध का संदेह होने पर उक्त हेल्पलाइन नंबर पर तत्काल शिकायत दर्ज कराये जाने के विषय में जागरूक किया गया।

इसी क्रम में सभी को यातायात नियमों के प्रति जागरुक करते हुए बताया कि सड़क पर वाहन चलाने से पहले सभी यातायात सुरक्षा सम्बन्धी बातों का ध्यान रखें, हमेशा सड़क के दोनो ओर देख कर की सड़क को पार करें, ध्यान रहे इस दौरान मोबाइल फोन का इस्तेमाल नहीं करें। सड़क सुरक्षा नियमों का पालन करें।।

इस दौरान प्रभारी साइबर थाना निरीक्षक फहीम अख्तर, प्रभारी महिला थाना सुषमा चौधरी, प्रभारी यातायात महोबा सुनील कुमार सिंह सहित स्कूल की प्रधानाचार्या, शिक्षकगण एव छात्राएं मौजूद रहीं।



उत्तर प्रदेश 112 आपात सेवाएं

प्रेस विज्ञप्ति
दिनांक – 30.09.2024

# महोबा पुलिस

मीडिया सेल, महोबा

## पुलिस अधीक्षक महोबा के निर्देशन में जनपदीय पुलिस द्वारा बैंकों की सुरक्षा व्यवस्था का लिया गया जायजा, सम्बन्धित को दिये गये आवश्यक दिशा-निर्देश-

आज दिनांकः- 30.09.2024 को पुलिस अधीक्षक महोबा, श्री पलाश बंसल के निर्देशन में जनपदीय पुलिस के अधिकारियों एवं कर्मचारिओं द्वारा जनपद में संचालित विभिन्न बैंकों, वित्तीय संस्थानों में सुरक्षा व्यवस्था के दृष्टिगत अभियान चलाया गया जिसके क्रम में जनपद के समस्त थाना प्रभारियों द्वारा अपने-अपने क्षेत्रान्तर्गत पड़ने वाली विभिन्न बैंकों में पहुंचकर बैंको की सुरक्षा व्यवस्था को चेक किया गया व विभिन्न सुरक्षा उपकरणों की स्थिति की समीक्षा की गयी।

जनपदीय पुलिस बल द्वारा क्षेत्रअन्तर्गत संचालित विभिन्न बैंकों, वित्तीय संस्थानों में भ्रमणशील रहे, इस दौरान बैंक के अन्दर व बाहर संदिग्ध व्यक्तियों की चेकिंग की गयी तथा अनावश्यक रूप से खड़े व्यक्तियों को पूंछताछ कर वहाँ से हटाया गया तथा बैंक के अन्दर उपस्थित भीड़ को कतारबद्ध किया गया साथ ही बैंक के अन्दर स्थित सीसीटीवी कैमरों, वार्निंग अलार्म एवं सुरक्षा सम्बन्धी उपकरणों को परखा गया एवं शाखा प्रबन्धक से सुरक्षा बिन्दुओं पर वार्ता की गयी, इस दौरान ड्यूटी में मौजूद सुरक्षा कर्मियों को सतर्कता के साथ ड्यूटी करने के लिए आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए, इसके साथ ही बैंकों के बाहर खड़े व्यक्तियों से पूछताछ की गयी व उन्हे अनावश्यक रुप से न खड़े होने की हिदायत दी गयी।

### बैंक चेकिंग




@MahobaPolice

उत्तर प्रदेश 112 आपात सेवाएं

प्रेस विज्ञप्ति
दिनांक – 30.09.2024

# महोबा पुलिस

मीडिया सेल, महोबा

## थाना कबरई की पुलिस टीम ने एक नफर वारण्टी अभियुक्त को किया गिरफ्तार-

पुलिस अधीक्षक महोबा, श्री पलाश बंसल के निर्देशन में आगामी त्यौहारों के दौरान जनपद महोबा में अपराध की रोकथाम हेतु आपराधिक घटनाओं में संलिप्त रहे अभियुक्तों की गिरफ्तारी अभियान के अनुपालन में आज दिनांक 30.09.2024 को अपर पुलिस अधीक्षक श्रीमती वन्दना सिंह व क्षेत्राधिकारी नगर श्री दीपक दुबे के निकट पर्यवेक्षण में प्रभारी निरीक्षक थाना कबरई श्री नागेन्द्र कुमार नागर द्वारा गठित की गई टीम उ0नि0 श्रीप्रकाश सिंह परिहार के नेतृत्व में पुलिस टीम ने एक नफर वारंटी अभियुक्त जयचन्द्र पुत्र शिवचरन यादव उम्र 45 वर्ष निवासी ग्राम सुरहा थाना कबरई जनपद महोबा सम्बन्धित मु0नं0-1189/16 अ0सं0 457/15 धारा 25 ए एक्ट के अभियुक्त को ग्राम सुरहा थाना कबरई जनपद महोबा के पास से गिरफ्तार किया गया । बाद गिरफ्तारी अभियुक्त को सम्बन्धित माननीय न्यायालय के समक्ष पेश करने हेतु भेजा गया ।

### गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम –

1. उ0नि0 श्रीप्रकाश सिंह परिहार
2. का0 नरेन्द्र बाबू

### गिरफ्तार अभियुक्त-

जयचन्द्र पुत्र शिवचरन यादव उम्र 45 वर्ष निवासी ग्राम सुरहा थाना कबरई जनपद महोबा



## अपर पुलिस अधीक्षक द्वारा आगामी त्यौहारों के दृष्टिगत पीस कमेटी की बैठक की गई, लोगों से शांतिपूर्ण ढंग से त्यौहार मनाने की अपील करते हुए अफवाह फैलानों वालों से बचने की सलाह दी-





आगामी त्यौहारों के दौरान जनपद महोबा में शान्ति एवं सुदृढ़ कानून व्यवस्था बनाये रखने के उद्देश्य से आज दिनांक 30.09.2024 को अपर पुलिस अधीक्षक, श्रीमती वन्दना सिंह द्वारा थाना कोतवाली नगर महोबा की चौकी भटीपुरा में थानाक्षेत्र के सम्भ्रान्त लोगों एवं डीजे संचालकों के साथ शांति समिति की बैठक आयोजित की गई।

इस बैठक में त्योहारों को सौहार्दपूर्ण माहौल में मनाने का आह्वान किया गया। इसमें सदस्यों ने अपने सुझाव और शिकायतें भी प्रस्तुत की गयी उन पर अमल किये जाने के निर्देश दिए गए हैं, साथ ही सम्बन्धित विभाग से इस सम्बन्ध में अपेक्षित कार्यवाही कराये जाने का आश्वासन दिया गया है।

अपर पुलिस अधीक्षक ने कहा कि इस प्रमुख त्यौहार पर शान्तिभंग करने वालों पर पुलिस प्रशासन की हर गतिविधियों पर पैनी नजर रहेगी। अपील करते हुए कहा कि किसी छोटी-बड़ी घटना की सूचना स्थानीय पुलिस को अवश्य दें। दुर्गा पंडालों में सीसीटीवी कैमरा लगवाये जाने की अपील की गई है, अग्नि सुरक्षा के दृष्टिगत दुर्गा पंडालों में बालू और पानी रखने की अपील की गई है, डीजे बजाने के लिए अनुमति लिए जाने एवं दुर्गा पण्डालों में अश्लील/फूहड़ गीत कदापि न बजाये जाने के निर्देश दिए गए हैं।

इस दौरान क्षेत्राधिकारी नगर श्री दीपक दुबे, थाना प्रभारी कोतवाली निरीक्षक श्री बलवान सिंह, समस्त चौकी प्रभारी थाना कोतवाली नगर महोबा सहित थाना क्षेत्र के सम्भ्रान्त व्यक्ति एवं डीजे संचालक मौजूद रहे।

# महोबा पुलिस

प्रेस विज्ञप्ति

दिनांक – 30.09.2024

मीडिया सेल, महोबा

## अपर पुलिस अधीक्षक महोबा द्वारा नगर क्षेत्र में स्थापित मां दुर्गा पंडाल व रामलीला आयोजन एवं रावण दहन स्थलों का सुरक्षा के दृष्टिगत भ्रमण/निरीक्षण किया गया, दिए गए आवश्यक दिशा-निर्देश।

आज दिनांक 30.09.2024 को अपर पुलिस अधीक्षक महोबा, श्रीमती वन्दना सिंह द्वारा पुलिस एवं प्रशासनिक अधिकारियों के साथ थाना कोतवाली नगर महोबा क्षेत्र में नवरात्रि, दशहरा त्यौहार के दौरान सुदृढ़ सुरक्षा व्यवस्था के दृष्टिगत दुर्गा पूजा पंडाल, रामलीला मंचन, रावण दहन आदि स्थलों का सुरक्षा के दृष्टिगत भ्रमण/निरीक्षण कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए हैं। इस दौरान समस्त आयोजकों से संवाद स्थापित कर आयोजन स्थल पर सुरक्षा व्यवस्था के पुख्ता इंतजामों को सुनिश्चित किये जाने के संबंध मे निर्देशित किया गया है। साथ ही समस्त आयोजनों/कार्यक्रमों को सकुशल सम्पन्न कराए जाने हेतु स्थानीय लोगों से वार्ता कर त्यौहारों को सौहार्द पूर्ण माहौल में मनाये जाने की अपील की गयी है।

इस दौरान उपजिलाधिकारी नगर श्री जितेन्द्र कुमार, क्षेत्राधिकारी नगर श्री दीपक दुबे, थाना प्रभारी कोतवाली निरीक्षक श्री बलवान सिंह मौजूद रहे।







